# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़
# MAHARAJA SUHEL DEV UNIVERSITY, AZAMGARH
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक 9196/(अ)/कु०का० / 2026 दिनाँकः 20 / 07 / 2026


## आवश्यक सूचना

मा० कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय प्रवेश सेल की बैठक दिनाँक 07.07.2026 में दिए गये निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा के लिए योग्य पाए गये पाठ्यक्रमों B.C.A., B.A.LL.B., B.B.A., M.Sc. Zoology, M.A. Geography, M.B.A.- A.B.M., एवं LL.M. ( जिनकी प्रवेश परीक्षा 21 जुलाई 2026 को होना प्रस्तावित है एवं इन विषयों में आवेदन का ऑनलाइन समर्थ पोर्टल बंद किया जा रहा है ) को छोड़कर अन्य सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दिनाँक 20.07.2026 तक आवेदन किये हुए प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राओं की काउंसलिंग दिनांक 23.07.2026 से प्रारंभ हो रही है। साथ ही इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन इस शर्त के साथ दिनांक 21.07.2026 से 30.07.2026 तक खुला रहेगा कि दिनांक 23.07.2026 से प्रारंभ हो रही काउन्सलिंग में सीटें रिक्त रहने के उपरांत ही 20.07.2026 के बाद आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पर विचार किया जाएगा। सीटें रिक्त न रहने की स्थिति में आवेदनकर्ता प्रवेश पाने का अधिकारी नही रहेगा। इसके साथ ही सम्बद्ध महाविद्यालयों में समस्त पाठ्यक्रमों/विषयों में प्रवेश हेतु दिनांक 20.07.2026 तक तिथि विस्तारित की गई थी। छात्र–छात्राओं के हित में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार प्रवेश की तिथि दिनांक 30.07.2026 तक विस्तारित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् प्रवेश हेतु पुनः तिथि का विस्तारण नहीं किया जायेगा।

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि दिनांक 30.07.2026 तक सभी छात्र–छात्राओं का प्रवेश सम्पन्न करा लें।

20/7/26
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विषयों में प्रवेश परीक्षा हेतु सभी कार्य करना/निर्णय लेना समय से सुनिषित करने का कष्ट करें।
3. सहायक कुलसचिव।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि उपर्युक्त सूचना छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी एजेंसी को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव